दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष:- 04
अंक:-124
मुरादाबाद
(Sunday)
25 August 2024
पृष्ठ:-8
मूल्य:- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पालम हवाई अड्डे पहुंचे, पोलैंड और यूक्रेन यात्रा पूरी कर वापस आए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड और यूक्रेन की अपनी दो देशों की यात्रा पूरी करने के बाद दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर पहुंचे। दो दिन पोलैंड में रहने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन की सात घंटे की यात्रा की थी। इसके बाद वे यहां से रवाना हो गए थे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ सार्थक वार्ता की थी। उन्होंने रूस के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने में व्यक्तिगत रूप से योगदान देने का आश्वासन दिया था। कई बैठकों में हिस्सा लेने के बाद



प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, %यूक्रेन की मेरी यात्रा ऐतिहासिक रही। मैं भारत-यूक्रेन मित्रता को और गहरा करने के उद्देश्य से इस महान देश में आया हूं। राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ मेरी सार्थक बातचीत हुई। भारत का दृढ़ विश्वास है कि शांति हमेशा बनी रहनी चाहिए। मैं यूक्रेन की सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं।%इससे पहले दिन में पीएम मोदी ने यहां राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ व्यापक वार्ता की। उन्होंने यूक्रेन और रूस के बीच जारी संघर्ष का समाधान निकालने के लिए एक-दूसरे से बातचीत की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा था कि भारत, शांति के हर प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। रूस ने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर हमला किया था। तब से लेकर अभी तक दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है। प्रधानमंत्री मोदी सुबह एक विशेष ट्रेन से कीव पहुंचे थे।चार भीष्म क्यूब्स भेंट किए- यूक्रेन यात्रा पर प्रधानमंत्री ने जेलेंस्की को चार भीष्म (भारत स्वास्थ्य सहयोग हित और मैत्री पहल) क्यूब्स भेंट किए। प्रत्येक भीष्म क्यूब में सभी प्रकार की चोटों और चिकित्सा स्थितियों के लिए प्राथमिक देखभाल से जुड़ी दवाइयां और उपकरण शामिल हैं। जेलेंस्की ने क्यूब्स की मानवीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया, जिससे घायलों के उपचार में तेजी आएगी और बहुमूल्य जीवन बचाने में मदद मिलेगी। भीष्म क्यूब्स के बारे में जानिए- बयान के मुताबिक, इसमें बुनियादी ऑपरेशन कक्ष के लिए सर्जिकल उपकरण भी शामिल हैं जो प्रतिदिन 10-15 बुनियादी सर्जरी सुनिश्चित कर सकते हैं। 'भीष्म क्यूब' में तरह-तरह की आपातकालीन चिकित्सीय स्थिति जैसे आघात लगने, रक्तस्राव होने, जल जाने, हड्डी टूटने, इत्यादि के लगभग 200 मरीजों का इलाज करने की क्षमता है। इसमें सीमित मात्रा में अपनी जरूरत की बिजली और ऑक्सीजन भी उत्पन्न हो सकती है। यूक्रेन की चिकित्सा टीम को 'भीष्म क्यूब' के संचालन का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारतीय विशेषज्ञों की एक टीम तैनात की गई है। इन क्यूब्स को एक ऐसे ढांचे पर रखा जाता है जो समायोज्य (अड्जस्ट एवं मजबूत होता है और वायु, समुद्र, भूमि तथा ड्रोन द्वारा लाया व ले जाया जा सकता है। वास्तव में, मिनी क्यूब्स को एक व्यक्ति द्वारा ले जाया जा सकता है, क्योंकि उनका अधिकतम वजन 20 किलोग्राम है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा: यूपी डीजीपी ने किया केंद्र का निरीक्षण, बोले- शांतिपूर्ण ढंग से हो रहीं परीक्षाएं

आज सिपाही भर्ती परीक्षा का दूसरा दिन है। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह ही अभ्यर्थियों की कतार लग गई है। इसके साथ ही प्रवेश भी शुरू हो गया है। परीक्षा पांच दिनों में पूरी होगी। इसके लिए 48 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। यूपी डीजीपी खुद परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर रहे हैं। गोंडा शहर के 13 केंद्रों पर दूसरे दिन पुलिस भर्ती परीक्षा कड़ी निगरानी में हुई। दूसरे दिन की प्रथम पाली में 5232 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था जिसमें में 3845 अभ्यर्थी शामिल हुए। 1387 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। पहले दिन की अपेक्षा दूसरे दिन अनुपस्थिति कम है। पहली पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक परीक्षा आयोजित हुई थी। जिसमें सुबह आठ बजे से ही अभ्यर्थियों का प्रवेश केंद्रों में हुआ और 9.30 बजे तक प्रवेश द्वार बंद हो गए।यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार लखनऊ विश्वविद्यालय में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कहा कि आज परीक्षा का दूसरा दिन है। सुचारुरूप से परीक्षा हो रही है। कहीं से भी कोई शिकायत नहीं




आई है। सभी व्यवस्थाएं ठीक तरीके से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि कल अनुचित साधनों का प्रयोग करत हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हमारी टीम लगातार नजर रख रही है। सभी केंद्रों पर लोकल पुलिस और अधिकारी तैनात हैं। एक-एक अभ्यर्थी को चेक किया जा रहा है। 10 पालियों में परीक्षा हो रही है जोकि पांच दिन चलेगी। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाएं हो रही हैं।लखनऊ में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार निरीक्षण के लिए निकले। वह राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के बाद गोला गंज स्थित क्रिश्चियन इंटर कालेज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी लाइव फीड की मॉनिटरिंग भी देखी।दूसरे दिन सिपाही भर्ती की प्रथम पाली की परीक्षा शुरू हो चुकी है। अभ्यर्थियों को कड़ी चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। प्रशासन लगातार सक्रिय है। यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार अब से कुछ ही देर में लखनऊ विश्वविद्यालय में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करेंगे।दूसरे दिन भी कुल 11 केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थी पहुंचने लगे। पहली पाली की सुबह 10 बजे से होने वाली परीक्षा में कुल 4600 अभ्यर्थी भाग लेंगे। सभी केंद्रों के बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध हैं।राजधानी लखनऊ में परीक्षा के लिए 81 केंद्र बनाए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए गए हैं। 1871 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। निगरानी के लिए 173 लोगों की टीम तैनात की गई है। पहले दिन 21470 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों पालियों के लिए कुल 78,144 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

### संक्षिप्त समाचार

#### बांके बिहारी की शरण में पहुंचे कुमार विश्वास, कोलकाता की घटना पर राजनीतिक दलों की कड़ी निंदा

कवि कुमार विश्वास शनिवार को बांकेबिहारी की शरण में पहुंचे। यहां उन्होंने आराध्य को भजन गाकर सुनाया। इस दौरान कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुई घटना को लेकर राजनीतिक दलों को आड़े हाथों लिया। वृंदावन में देश के नामचीन काव्यकार कुमार विश्वास शनिवार को ठाकुर श्रीबांके बिहारी के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। मंदिर में कवि पूरी तरह आस्था के रंग में रंगे नजर आए, जहां उन्होंने अपने आराध्य को भजन भी गाकर सुनाया। डॉ विश्वास ने कोलकाता की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए राजनीतिक दलों को आड़े हाथों भी लिया। धार्मिक नगरी में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए जाने माने कवि कुमार विश्वास सुबह ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर पहुंचे। यहां पूरी श्रद्धा से दर्शन पूजा करने के बाद ठाकुरजी सामने भजन की कुछ पंक्तियां भी गाकर सुनाई। मंदिर में सेवाधिकारी मनोज गोस्वामी और गोपी गोस्वामी ने ठाकुरजी का प्रसादी अंगवस्त्र और छप्पन भोग प्रसाद भेंट किया। गोपी गोस्वामी की गद्दी पर पत्रकारों से बात करते हुए डाक्टर विश्वास ने कहा कि कोलकाता रेप मर्डर केस बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, लेकिन उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा वाम के साथ राम का राजनीतिक रूप से चर्चा करना है। क्योंकि भगवान राम का जन्म दुष्टों के संहार के लिए हुआ है। राम के नाम पर अराजकता उचित नहीं है।

## बदलापुर कांड: एमवीए ने सत्ता पक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा; धरने पर बैठे शरद पवार, सरकार को बताया असंवेदनशील

शरद पवार ने कहा कि बदलापुर के एक स्कूल में केजी में पढ़ने वाली दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना से देश में महाराष्ट्र की छवि खराब हुई है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी की भूमि पर ऐसी घटना हुई है जो महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले अपराधियों के हाथ काट देते थे।महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने बदलापुर के स्कूल में बच्चियों के साथ हुए यौन उत्पीड़न के मामले में सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर महा विकास अघाड़ी ने आज महाराष्ट्र बंद बुलाया था। हालांकि, बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। इसके बाद एमवीए दलों ने पुणे में धरना दिया। शरद पवार पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ काली पट्टी बांधकर धरने पर बैठ गए हैं। उनके साथ सुप्रिया सुले भी मौजूद हैं।इस दौरान शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में ऐसा कोई दिन नहीं है, जब महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की खबर न आती हो। सरकार को इस घटना को गंभीरता से लेना चाहिए, सरकार कह रही है कि विपक्ष राजनीति कर रहा है, इसे राजनीति कहना दिखाता है कि सरकार कितनी असंवेदनशील है। मामले में सुप्रिया सुले ने कहा कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ



अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। लोगों में पुलिस का कोई डर नहीं है। मैं सरकार की निंदा करती हूं। कुछ लोगों ने कहा कि बदलापुर में जो लोग इकट्ठा हुए थे, वे बाहर से आए थे। मैं कहना चाहती हूं कि वे सभी भारतीय थे। मैंने इतनी असंवेदनशील सरकार कभी नहीं देखी। जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता हम विरोध करना बंद नहीं करेंगे। घटना से देश में महाराष्ट्र की छवि खराब हुई- शरद पवार- शरद पवार ने कहा कि बदलापुर के एक स्कूल में केजी में पढ़ने वाली दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना से देश में महाराष्ट्र की छवि खराब हुई है। पवार ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह यह भूल गई है कि महिलाओं की सुरक्षा उसकी जिम्मेदारी है। शरद पवार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी की भूमि पर ऐसी घटना हुई है जो महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले अपराधियों के हाथ काट देते थे। कांग्रेस ने भी खोला मोर्चा- मामले में महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति नहीं है। हम सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और महिलाओं के खिलाफ हो रही घटनाओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। राज्य में ऐसी घटनाएं होती रहती हैं, तो इससे पता चलता है कि राज्य में अपराध पर कोई नियंत्रण नहीं है। अपराधियों में कोई डर नहीं है।मुंबई में उद्धव के नेतृत्व में प्रदर्शन- वहीं, उद्धव ठाकरे ने मुंबई में पार्टी कार्यताओं के साथ प्रदर्शन किया। बदलापुर घटना पर उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उनके साथ खड़ी है। इस दौरान शिवसेना (क्ब्ल्ल) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि महिलाओं, बेटियों के खिलाफ जो अत्याचार हो रहे हैं, 10 दिन में 12 घटनाएं हो गई हैं। ठाणे में POCSO एक्ट के अंतर्गत हर दिन एक केस दर्ज हुए हैं, इन सबके खिलाफ हम प्रदर्शन कर रहे हैं।

## मायावती पर भाजपा विधायक के बयान पर बवाल; अखिलेश ने की केस दर्ज करने की मांग तो बसपा सुप्रीमो ने जताया आभार

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि वंचित समाज से आने वाली महिलाओं पर इस तरह की टिप्पणी करने के लिए भाजपा विधायक के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।भाजपा विधायक के बसपा सुप्रीमो मायावती पर की गई टिप्पणी को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा विधायक पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि उत्तर प्रदेश के एक भाजपा विधायक द्वारा उप्र की एक भूतपूर्व महिला मुख्यमंत्री के प्रति कहे गये अभद्र शब्द दर्शाते हैं कि भाजपाइयों के मन में महिलाओं और खासतौर से वंचित-शोषित समाज से आनेवालों के प्रति कितनी कटुता भरी है।राजनीति में मतभेद अपनी जगह होते हैं लेकिन एक महिला के रूप में उनका मान-सम्मान खंडित करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। भाजपाई कह रहे हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर हमने गलती की थी, ये भी लोकतांत्रिक देश में जनमत का अपमान है और बिना किसी आधार के ये आरोप लगाना कि



वो सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री थीं, बेहद आपत्तिजनक है। भाजपा के विधायक के ऊपर, सार्वजनिक रुप से दिये गये इस वक्तव्य के लिए मानहानि का मुक़दमा होना चाहिए।भाजपा ऐसे विधायकों को प्रश्रय देकर महिलाओं के मान-सम्मान को गहरी ठेस पहुंचा रही है। अगर ऐसे लोगों के खिलाफ भाजपा तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं करती है तो मान लेना चाहिए, ये किसी एक विधायक का व्यक्तिगत विचार नहीं है बल्कि पूरी भाजपा का है। बता दें कि एक टीवी डिबेट के दौरान भाजपा विधायक राजेश चौधरी ने कहा था कि मायावती पहली बार भाजपा के समर्थन से ही मुख्यमंत्री बनी थीं। हमने उन्हें बनाया था। ये हमारी गलती थी। आगे उन्होंने कहा कि वो प्रदेश की अब तक की सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री रही हैं। इस पर अखिलेश यादव ने आपत्ति जताई है। इस पर मायावती ने एक्स पर टिप्पणी कर अखिलेश यादव के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया ने मथुरा के एक भाजपा विधायक को उनके गलत आरोपों का जवाब देकर बसपा प्रमुख के ईमानदार होने के बारे में सच्चाई को माना है, उसके लिए पार्टी आभारी है। पार्टी को भाजपा के इस विधायक के बारे में ऐसा लगता है कि उसकी अब भाजपा में कोई पूछ नहीं रही है। इसलिए वह बसपा प्रमुख के बारे में अनाप-शनाप बयानबाजी करके सुर्खियों में आना चाहता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे। यदि वह दिमागी तौर पर बीमार है तो उसका इलाज भी जरूर कराए। वरना इसके पीछे बीजेपी का कोई षडयंत्र है, यह कहना भी गलत नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि यदि भाजपा अपने विधायक के विरुद्ध कोई भी सख्त कार्रवाई नहीं करती है तो फिर इसका जवाब पार्टी के लोग अगले विधानसभा चुनाव में उसकी जमानत जब्त करा कर तथा वर्तमान में होने वाले 10 उपचुनावों में भी इस पार्टी को जरूर देंगे।फिलहाल अखिलेश यादव के मायावती के समर्थन में उतरने और बसपा प्रमुख का उनके प्रति आभार जताने को उपचुनाव और भविष्य की राजनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

## संपादकीय Editorial

# Election of farmers, unemployment

Farmers and unemployment can prove to be decisive election issues in Haryana. The Haryana unit of the United Kisan Morcha has decided to discuss the legal guarantee of Minimum Support Price (MSP), Central Agricultural Price Commission, which decides the MSP, the demand for a memorial for the 736 farmers killed during the farmers' movement and other related matters. These are not any recognized farmers' organizations. The central and state governments have been continuously discussing MSP at their level. It is a different matter that at present no conclusion is in front. Now whatever be the conclusion of the farmers' discussion, but it can decide the direction of the assembly elections in Haryana. Haryana Chief Minister Naib Singh Saini recently addressed a rally in Kurukshetra, in which a guarantee was given regarding MSP that the government will buy crops only on MSP. The United Kisan Morcha rejected that guarantee. Farmers are demanding a legal guarantee of MSP at the national level, so talks have been going on with the Union Ministers. The Central Government itself had formed a committee, whose decisions are yet to be made public. The purchase of crops from Haryana is limited and only Haryana farmers will be given priority. Kisan Morcha has termed the Chief Minister's guarantee as an 'election stunt'. Farmers claim that the new MSP announced by Chief Minister Saini will cause them a loss of Rs 3851 crore. It is not clear on what basis this figure of loss has been decided. However, Haryana was not relatively active in the farmers' movement and neither did the farmer leaders get any political success after the movement. The farmer leaders who contested elections in Punjab and Haryana were defeated and their deposits were also forfeited. Jats constitute the highest population in Haryana, around 24 percent. They are mostly associated with farming. Their support is divided between BJP, Congress, INLD, JJP etc. Despite the anti-incumbency wave, BJP won 5 Lok Sabha seats and 5 seats went to Congress. Even now this direct contest will remain, because other parties have become very weak or have disintegrated. Still this election will not be easy. There is a tremendous wave against the BJP government and party in Haryana. This wave can also be felt within the party. The BJP leadership had read it before the Lok Sabha elections, so the then Chief Minister Manohar Lal Khattar was removed and Nayab Singh Saini was made the Chief Minister. He has been the Chief Minister since March 12, 2024. Nayab Saini started his government's campaign with a 'Non Stop' banner. Full page advertisements were printed in newspapers and claims were made that Haryana is now 'Non Stop' in every field. MSP was also mentioned. It was challenged by the Congress faction of former Chief Minister Bhupendra Singh Hooda, whose slogan is 'Haryana Maange Hisaab'. There is also a faction led by Shailja in the Congress and the high command has not been able to end this factionalism. Although issues like unemployment, farmer-crisis and stagnant, stagnant, stagnant economy have been well known in Haryana, but with the assembly elections coming, the opposition has heated them up. According to the data of the Center for Monitoring Indian Economy, Haryana has the highest rate of unemployment, while the government data is exactly the opposite and it considers Haryana to be at the fourth place in terms of unemployment. The industrial activities of the state are limited and employment is affected.

# Growing steps: India is ready to end world hunger, but food security is still a global challenge

India has achieved heights in various fields of agricultural production and has been highlighted as the food bowl of the world for the last 10 years. Prime Minister Narendra Modi, while addressing the recently held 32nd International Conference of Agricultural Economists (ICAE), said that India has become a food surplus country and is also working towards providing solutions for global food and nutrition security. He also said that when this international conference was held in India 65 years ago, India's food security was a matter of concern for the world, but now amid the challenges of global food crisis, India is being highlighted as an exporter of food items to more than 150 countries of the



world. Along with this, India's initiative of continuously providing free food grains to more than 80 crore people of the weaker sections since the Corona period is being highlighted across the world. In the year 2023, India has exported agriculture worth about $ 50 billion and has become the eighth largest agricultural exporter in the world. These days, India's new importance is being revealed in various international reports being published on global food security. At this time when the global food crisis is deepening due to the Russia-Ukraine war, Israel-Hamas war and other geopolitical reasons, India has remained a helpful country for many countries of the world in dealing with the food crisis and in view of their food security. On 15 August, Prime Minister Modi said from the Red Fort that changing the agricultural system is the need of the hour. The farmers of the country can make India the organic food basket of the world and India can be helpful to the countries of the world. India's food security is being appreciated by various global organizations of social security including the World Bank and the International Monetary Fund. There is no doubt that the country has achieved heights in various areas of agricultural production. Especially in the last 10 years, due to unprecedented efforts of agricultural development, India is now being recognized as the food bowl of the world. Agriculture is at the center of India's economic policies. 90 percent of farmers in Indian agriculture have very little land and these small farmers are the biggest strength of India's food security. 1,900 new climate-friendly varieties of crops have been made available for the sustainable development of the agriculture sector. India is promoting chemical-free natural farming. India has presented coarse grains as a profitable solution by naming them Srianna. India is taking advantage of digital technology in the agriculture sector. The agriculture sector is also included in the nine high priority sectors announced in the Union Budget for the year 2024-25. A provision of Rs 1.52 lakh crore has been made in the budget for agriculture and related sectors. In the new budget, the government has included provisions for promoting farmer-producer organizations, cooperatives and startups for vegetable supply chains including collection, storage and marketing of produce. According to the third advance estimate of major crops released by the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare for the year 2023-24, the total food grain production is estimated at 3288.52 lakh tonnes. It is also worth mentioning here that India is the number one producer of milk, pulses and spices in the world. Apart from this, the country has become the second largest producer of food grains, fruits, vegetables, cotton, sugar and tea. At a time when food grain production is increasing in the country, more food grain storage capacity is also necessary. Currently 12 to 14 percent of food grains get wasted. The storage capacity in the country is currently 1,450 lakh tonnes, an ambitious target has been set to increase it to 2,150 lakh tonnes. We hope that amid the increasing global food security needs, the government will take effective steps to strengthen the agricultural infrastructure for small and marginal farmers, women and youth, climate smart approach focused on more food grain production agricultural system model. We expect the Government to adopt effective strategies to include greater investment in agricultural technology sharing, inclusive agricultural value chains, use of emerging digital technologies to transform the agri-food sector, promotion of drones in farming for land digitalization, strong partnerships between agricultural research institutes and universities and move towards sustainable agri-food systems.

# Paris Olympics: Politicians should learn from two mothers; it is important to save sports diplomacy

Paris Olympics: Politicians should learn from two mothers; it is important to save sports diplomacyIn fact, whenever Paris Olympics, 2024 will be remembered in India and Pakistan, its importance will increase even more because of the love and big heart of the mothers of Neeraj Chopra and Arshad Nadeem. Paris Olympics will also be remembered for the sports diplomacy done through the natural emotions of these



two mothers, which earned them a lot of respect in both India and Pakistan, both rival neighbors. The truth is that what these two mothers did, it is surprising to see what the foreign ministries of both the countries have failed to do. Despite having High Commissions in both Delhi and Islamabad, the way these two simple rural women broke the walls of hatred and intolerance on both sides and created an atmosphere of love and trust, the diplomats of both the countries could not do. Interestingly, Neeraj Chopra and Arshad Nadeem, both are Punjabis and are very good friends. In fact, the media in Pakistan always used to ask Arshad Nadeem about his friendship with his Indian opponent Neeraj Chopra on the field and how they both became such good friends. Their picture with the flags of their respective countries wrapped around their shoulders went viral on social media, giving the message that even if you are from two different countries, you can still enjoy friendship. Is the reason why Neeraj and Arshad have remained good friends for years because they are both Punjabis and speaking in their mother tongue strengthened their friendship? Senior New Delhi journalist Karan Thapar, who is highly respected in Pakistan for his writings and television programs, has made some comments on this. He said that the love shown between the two mothers for their son's opponent is because they are both Punjabis and this ethnicity brought them together. He said in very beautiful words that 'they do not see their son's opponent as a rival, because they feel a 'Punjabi' connection. No doubt this explains the remarkable similarity in their manner of speaking. Arshad's mother Razia Parveen said, "I also pray for Neeraj, he is also like our son." Neeraj's mother Saroj Devi said almost the same thing, "The one who won the gold medal is also our child and the one who won the silver medal is also our child." Pakistan is still celebrating after winning its first gold medal in decades at an Olympics. Javelin athlete Arshad Nadeem is still being welcomed in Pakistan. Many people are showering him with money, houses, cars and land. Pakistan Prime Minister Shahbaz Sharif sent a special plane to his Punjabi village Mian Channu to include his family in a state banquet. All the prominent personalities including the President, Army Chief, Chief Ministers and Governors organized events to welcome them. But above all this were Razia Parveen and Saroj Devi, who succeeded where politicians and diplomats failed. In fact, this sports diplomacy should be preserved and never forgotten. It is noteworthy that even after partition, when India and Pakistan are two fully independent nations, our historical relations, which still bind us, sometimes come to the fore. In this regard, a letter from the grandson of General L Edros was recently published in The News International, which refreshed old memories. Maybe, the elderly readers of Amar Ujala remember the late Major General Syed Ahmed L Edros, who died in Bangalore in July 1962. He belonged to that province of India which is famous for biryani. Yes, he was the Commander-in-Chief of the Hyderabad State Force at the time of merger of Hyderabad State with India in the year 1948. But on September 13, 1948, Jawaharlal Nehru ordered Operation Polo. And it took only four days for the Indian Army to end the rule of the Nizam of Hyderabad. On September 17, Major General Syed Ahmed El Edros, the commander of the Nizam's army, accepted defeat and surrendered. General Al Edros decided to stay in India, while his three children decided to go to Pakistan, and interestingly, they became very close friends of my family. In fact, one of General Al Edros' granddaughters and I grew up together and we were best friends. In his letter, the third generation of Al Edros, i.e. his grandson, has written, 'The Indian cricket team has not come to play in Pakistan for many years. Therefore, to melt this ice in relations and keep the sports spirit alive, the Government of Pakistan should invite Indian player Neeraj Chopra and his family to visit Pakistan. Arshad Nadeem's village Mian Channu can also be included in this itinerary, so that the parents of both can meet each other and greet each other. We should appreciate Neeraj Chopra's mother, who even after her son's defeat to Arshad Nadeem in javelin throw, said that she was happy with Neeraj winning the silver medal, Arshad Nadeem who won the gold medal is also like our son and all those who reached the Olympics have worked hard.' Both the governments of India and Pakistan should invite these two players and their families to their respective countries as state guests. I am thankful to my family for this. I can assure Indian readers that Neeraj Chopra will be welcomed as a hero by Pakistanis and both mothers will create history.

## संक्षिप्त समाचार

# ठाकुरद्वारा दुष्कर्म मामला: डॉक्टर की निजी संपत्ति समेत तीनों मदरसे सील

### मुख्यमंत्री के मुरादाबाद आगमन से पहले जिला प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा दुष्कर्म मामले के मुख्य आरोपी के पिता के संचालित तीन मदरसों समेत निजी संपत्ति को जिला प्रशासन सील कर दिया है। वहीं दो अन्य आरोपियों की निजी संपत्ति सील करने की तैयारी तेज कर दी है। जिले में मुख्यमंत्री के आगमन से पहले ही प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस प्रशासन ने भी तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की फाइल तैयार अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी के पास भेजी है। ऐसे में दो अन्य आरोपियों की निजी संपत्ति जब्त होने की संभावना बढ़ गई है। एक सप्ताह पहले ठाकुरद्वारा में एबीएम अस्पताल के चिकित्सक शाहनवाज ने नर्स को बंधक बनाकर उसके साथ रातभर दुष्कर्म किया था। इसके बाद पुलिस ने डॉक्टर और उसके दो सहयोगियों को जेल भेज दिया था। पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन लगातार दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। वहीं शुक्रवार को डिलारी थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव में स्थित तीन मदरसों समेत निजी संपत्ति की जांच कर उसे जिला प्रशासन और अल्पसंख्यक विभाग की टीम ने सील कर दिया है। कार्रवाई से पहले एसडीएम मनी अरोरा, तहसीलदार गोपाल सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार, सीओ राजेश कुमार ने बारीकि से जांच की। मदरसों के अंदर छात्राओं के कपड़े, बिस्तर व पुस्तकें रखी मिलीं। वहीं अलमारी के अंदर एक बैंक की पासबुक मिली है। जिला प्रशासन की टीम ने जांच के बाद निजी संपत्ति समेत तीनों मदरसों की वीडियोग्राफी कराकर सील कर दिया। तीनों मदरसे मुख्य आरोपी डॉक्टर शाहनवाज के पिता के नाम से संचालित थे। 27 अगस्त को जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन ने अब घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों नर्स महनाज और वार्ड ब्वॉय जुनैद की भी निजी संपत्ति सील करने की तैयारी तेज कर दी है। वहीं पुलिस प्रशासन ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की फाइल तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी है। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। घटना के बाद से ही बंद पड़े थे मदरसे- तीनों मदरसे आरोपी चिकित्सक के पिता के नाम से संचालित थे। राजस्व रिकॉर्ड में अलग-अलग जगह दर्ज। जबकि मदरसा एक ही भवन से संचालित हो रहा था। जिला प्रशासन ने अनियमितता के चलते तत्काल प्रभाव से मदरसों को सील कर दिया। तीनों मदरसे घटना के बाद से ही बंद पड़े थे। फिलहाल परिजनों का भी कोई अता पता नहीं है।

# गुप्ता जी की रोटी.... कल्लू के समोसे खत्म, जूस वालों का चंद मिनटों में समाप्त हुआ

मुरादाबाद- मुरादाबाद में सिपाही भर्ती परीक्षा देने आए अभ्यर्थी दोपहर में परीक्षा के बाद होटलों पर पहुंचे तो भीड़ लग गई। भीड़ के कारण कंपनीबाग में गुप्ता जी के होटल पर रोटी समाप्त हो गईं तो अभ्यर्थियों को चावल खाकर संतोष करना पड़ा। इसी प्रकार बुध बाजार में कल्लू के समोसे 20 मिनट में बिक गए। बुध बाजार स्थित इंटर कॉलेज से पेपर छूटने के बाद दोपहर में निकले अभ्यर्थी खाने-पीने की दुकानों पर पहुंचे। कुछ जूस पीने लगे तो कोई समोसे की दुकान पर पहुंचा। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि जूस वाले के जूस तैयार ही नहीं कर पा रहा था। बुध बाजार में कल्लू के समोसे 20 मिनट में समाप्त हो गए।इसके अलावा रोडवजे बस अड्डे और रेलवे स्टेशन के आसपास के होटलों पर भी भीड़ रही। अभ्यर्थियों की भीड़ के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रही।सिपाही भर्ती परीक्षा के पहले दोनों पालियों में ही गणित और रीजनिंग के सवालों ने अभ्यर्थियों को उलझा दिया। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज और आरएन इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि सामान्य ज्ञान के सवाल ठीक आए थे। कुछ अभ्यर्थियों ने गणित तो कुछ ने रीजनिंग को उलझाऊ बताया।पहली पाली के पेपर में सामान्य ज्ञान के सवालों में पूछा गया कि देश का सबसे पुराना हवाई अड्डा कौन सा है। इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना कब हुई थी। जीएसटी के ब्रांड एंबेसडर कौन हैं। चिकनकारी एक पारंपरिक कढ़ाई शैली है, जिसकी उत्पत्ति कहां हुई। विश्व डाक दिवस कब मनाया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रमुख कौन है। इसके अलावा सोशल मीडिया, साइबर अपराध से जुड़े सवाल भी पूछे गए। अधिकतर अभ्यर्थियों ने कहा कि सामान्य ज्ञान के सवाल आसान रहे। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।वर्दी पहनने का सपना पूरा करने के लिए पिछले कई महीनों से दिन-रात कड़ी मेहनत की। यह अंतिम अवसर है। अगर इस बार भी चयन नहीं हुआ तो फिर दोबारा मौका नहीं मिला। हालांकि, इस बार पेपर अच्छा हुआ है और चयन की उम्मीद है। सिपाही भर्ती परीक्षा देकर निकले कई युवाओं ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि यह हमारा अंतिम मौका है।अब परीक्षा देने की उम्र पूरी हो चुकी है। बिजनौर से आए अभ्यर्थी विनीत कुमार ने महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र से बाहर आते ही खुशी जताई। विनीत ने बताया कि उनके तीन भाई और एक बहन है। वे सबसे बड़े हैं। पिता खेती करते हैं। विनीत ने बताया कि 18 फरवरी को हुई परीक्षा ठीक नहीं हुई थी।मैंने उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन भर्ती रद्द होने से दोबारा परीक्षा देने का मौका मिला। इसके बाद पिछले छह माह से दिन-रात मेहनत कर रहा हूं। यह मेरा सिपाही भर्ती के लिए अंतिम मौका है। विनीत की तरह बरेली निवासी राजकुमार का कहना है कि अब मेरी उम्र अधिक हो चुकी है।जब यूपी पुलिस में सिपाही बनने के लिए फार्म भरा था, तब मैं इसके लिए योग्य था। मैंने अंतिम मौका मानकर ही परीक्षा की तैयारी है। परीक्षा अच्छी हुई है। राजकुमार ने सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियां को देखकर बताया है कि इस बार परीक्षा में गड़बड़ी की कोई आशंका है। बदायूं के सर्वेश मिश्रा ने कहा कि अगर कोई गड़बड़ी नहीं हुई तो इस बार सपना पूरा होने की पूरी उम्मीद है।केंद्रों के आसपास एसटीएफ, एलआईयू और अन्य एजेंसियां भी अलर्ट रहीं। इस दौरान अधिकारी भ्रमण पर रहे और परीक्षा केंद्रों पर चेकिंग कराते रहे। शहर में 26 परीक्षा केंद्रों को चार जोन में बांटा गया था। प्रत्येक जोन में एक सीओ के नेतृत्व में सचल दल तैयार किया गया था।इनके अलावा 27 इंस्पेक्टर, 73 सब इंस्पेक्टर, आठ महिला सब इंस्पेक्टर, 318 हेड कांस्टेबल और सिपाही के अलावा 102 महिला सिपाही की ड्यूटी लगाई थी।









# मुरादाबाद में सजेगी श्रीकृष्ण की झांकी, माखन चोर आएंगे घर-घर, रॉक बैंड की रहेगी धूम

मुरादाबाद- कान्हा के जन्म की तैयारी शुरू हो चुकी है। जिले के मंदिरों को भव्य रूप से जाया जा रहा है। इस बार भी झांकियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगी। मंदिरों में फूल बंगले भी सजाए जाएंगे। इसके अलावा जन्माष्टमी को लेकर बाजार भी सज गए हैं। कान्हा के पालना और ड्रेस की लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं।रंग-बिरंगे मोरपंख लगे मुकुट भी खूब बिक रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्री कृष्णा भावना अमृत संघ इस्कॉन मुरादाबाद द्वारा इस्कॉन केंद्र आशियाना सेंटर पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें सभी भक्तों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई।सोमवार को जन्माष्टमी पर मुख्य रूप से भगवान की झांकियां, रंगोली, विदेशी भक्तों द्वारा रॉक बैंड कीर्तन मुख्य आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम होटल ड्राइव इन 24 दिल्ली रोड में शाम को छह बजे से शुरू होकर रात में एक बजे तक चलेगा। इस दौरान केंद्र प्रबंधक उज्जवल सुंदर दास, शरण प्रिय दास, सचिनंदन दास, महामुनि दास, राधिका माधव दास, अचिंत्य कृष्ण दास, साक्षी गौरांग, मोहित अग्रवाल, मीडिया प्रभारी राधाकांत गिरधारी दास आदि मौजूद रहे।नवीं वाहिनी पीएसी परिसर स्थित मंदिर में सेनानायक ख्याति गर्ग के नेतृत्व में रंगाई-पुताई करवाई जा रही है। यहां पर कृष्ण जन्म के प्रसंग को प्रस्तुत करती झांकियां होंगी। सभी प्रतिमाओं को नई पोशाकें और आभूषण पहनाए जाएंगे। जन्माष्टमी के दिन सुबह से ही कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो जाएगा।मनोकामना श्री हनुमान मंदिर रेलवे कॉलोनी में इस बार जन्माष्टमी पर मंदिर के बाहर सजने वाली झांकियां नहीं होंगी। इसके अलावा स्टेज कार्यक्रम भी प्रस्तुत नहीं किए जाएंगे। मंदिर समिति के पदाधिकारी बिल्लू कत्याल का कहना है कि जन्माष्टमी पर मंदिर में रंग-बिरंगी झालरों और फूलों की सजावट की जाएगी। बिजली की सजावट फायर ब्रिगेड से पुलिस चौकी तक होगी। लड्डू गोपाल को पालना झुलाया जाएगा। सोमवार शाम से भजन-कीर्तन होंगे। रात को 12 बजे आरती होगी।पुलिस लाइन स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में सोमवार को जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाएगा। मुख्य पुजारी पंडित अंबरीश पांडेय ने बताया कि मंदिर की साफ-सफाई करवाई जा रही है। रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से मंदिर की सजावट की जाएगी। सोमवार को शाम पांच बजे से रात 12 बजे तक फलों का प्रसाद बंटेगा। पुलिस लाइन के अंदर कई स्कूलों के विद्यार्थी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगेठाकुर जी महाराज बांके बिहारीजी का जन्मोत्सव महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल अग्रवाल भवन मंडी बॉस में मनाया गया। कथा व्यास व्योम त्रिपाठी ने भगवान की बाल-लीलाओं के प्रसंग सुनाए। मुस्कान शर्मा एवं आशीष शर्मा के द्वारा भजन सुनाए गए।धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी का त्योहार- सनसिटी पब्लिक स्कूल गायत्री नगर लाइनपार में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया। प्रबंधक एमएल सैनी ने दीप प्रज्वलित किया। विद्यार्थी उत्कर्ष, अंशुमन, सुप्रिया, अयांश, कनिक, वैष्णवी, प्रियल, आध्या, लक्षद्वीप, जेनिशा, धैर्य, अनुराग, पूर्वी, वैभव, कीर्ति आदि राधा-कृष्ण के रूप में सजकर आए।







# स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में यूपी में मुरादाबाद की आठवीं रैंक

### टॉप-10 में मुरादाबाद जरूर, पर महीने दर महीने पिछड़ रही रैंकिंग शुभ संकेत नहीं

मुरादाबाद- सरकारी अस्पतालों में रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के मामले में यूपी में मुरादाबाद 8 वें स्थान पर पाया गया है। जबकि मुरादाबाद मंडल प्रदेश की रैंकिंग में पहले स्थान पर है। नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, एचआईवी टीकाकरण आदि 14 प्रकार की सेवाओं की समीक्षा अभी जुलाई महीने में प्रगति के आंकड़ों पर यूपी हेल्थ डैशबोर्ड पर हुई है। इसमें मुरादाबाद अन्य जिलों के सापेक्ष 8वें स्थान पर पाया गया है। इस तरह स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में मुरादाबाद प्रदेश में लगातार अपनी जगह टॉप-10 जिले में बनाए है। मंडल के अन्य जिलों में सबसे खराब स्थिति रामपुर की पाई गई है। यह प्रदेश की रैंकिंग में 30वें स्थान पर है, जबकि अमरोहा 18वें व बिजनौर 13वें स्थान पर है। संभल जिले की रैंकिंग 24 आई है। वैसे मुरादाबाद जिले में रोगियों को सबसे बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बात की जाए तो उसमें भोजपुर है, जो नंबर-वन स्वास्थ्य केंद्र है। वैसे जिले में कुल नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। यूपी हेल्थ है। जबकि, सबसे निचले पायदान पर अर्बन सामुदायिक डैशबोर्ड पर पिछले महीनों में मुरादाबाद की रैंक देखें तो मई में प्रदेश की सूची में दूसरे और जून महीने में 5 वें स्थान पर था, जो अब जुलाई महीने में 8वें स्थान पर खिसक गया है। देखा जाए तो स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में मुरादाबाद की रैंकिंग प्रदेश में गिर रही है। वह बात दीगर है कि मुरादाबाद लगातार पिछले कई महीने से प्रदेश की रैंकिंग में टॉप-10 में अपनी जगह बनाए है। इन बिंदुओं के आधार पर तैयार होती है रैंकिंग- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह ने बताया कि यूपी हेल्थ डैशबोर्ड पर 14 बिंदुओं की स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रत्येक जिले को अंक दिए जाते हैं। इन बिंदुओं में जैसे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शिशु-मातृ मृत्यु दर में कमी, जनसंख्या नियंत्रण, टीकाकरण, गर्भवती की जांच, टीबी रोगियों का चिह्नींकरण सहित 14 बिंदुओं पर बेहतर कार्य करने के मानक को देखते हुए प्रदेश के जिलों की रैंक जारी होती है। ग्रामीण क्षेत्र में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर मरीजों का इलाज, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच व टीकाकरण आदि के प्रयासों में गंभीरता, जननी सुरक्षा और जनसंख्या नियंत्रण के उपायों पर लोगों को जागरूक करने के सकारात्मक परिणाम का आंकलन किया जाता है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक का कहना है कि मिशन की ओर से संचालित स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निरंतर प्रयास किए जाते हैं। शिशु-मातृ मृत्यु दर में कमी, अस्पतालों में उपकरणों के रख-रखाव व प्रबंधन, परिवार नियोजन उपायों के प्रति जागरूकता से जनसंख्या नियंत्रण, संस्थागत व सुरक्षित प्रसव कराने पर जोर रहता है। रैंक सूची में मंडल के जिलों की स्थिति-जनपद - मई - जून - जुलाई- मुरादाबाद- 2 - 5 - 8, बिजनौर - 25 - 26 - 13, रामपुर - 07 - 16 - 30, अमरोहा - 13 - 35 - 18, सम्भल - 28 - 33 - 24, जिले में सीएचसी की रैंक- सीएचसी - जिले में रैंक-भोजपुर - 1, ठाकुरद्वारा - 2, छजलैट - 3, मूंढापांडे - 4, डिलारी - 5, बिलारी - 6, ताजपुर - 7, कुन्दरकी - 8, अर्बन - 9





क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## श्री कृष्ण अष्टमी को लेकर पुलिस लाइन स्थित मन्दिर परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की उपस्थिति में पुलिस लाइन स्थित मन्दिर परिसर में बृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में अधिकारी/कर्मचारीगण ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया और श्रमदान के माध्यम से परिसर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक ने स्वयं भी श्रमदान में हिस्सा लिया और सभी उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को सफाई के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने ने कहा सफाई सिर्फ एक अभियान ही नहीं, बल्कि यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। स्वच्छ मन्दिर परिसर न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए भी आवश्यक है। श्रमदान के दौरान मंदिर में फैली गन्दगी को साफ किया गया, और पेड़-पौधों की देख-भाल की गई। सभी कर्मचारियों ने मिलकर श्रमदान में उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा परिसर को पूरी तरह से साफ किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया और इस प्रकार की स्वच्छता अभियानों को नियमित रूप से जारी रखने की अपील की। क्योंकि इस प्रकार के अभियानों से न केवल परिसर स्वच्छ रहता है, बल्कि सामुदायिक भावना को भी बल मिलता है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जनपद के समस्त ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार (वरासत) को खतौनियों में दर्ज कराये जाने हेतु चलाया जा रहा अभियान-जिलाधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार राजस्व प्रशासन के द्वारा निर्विवाद उत्तराधिकारियों के नाम खतौनियों में दर्ज करने हेतु 16 अगस्त 2024 से 16 अक्टूबर, 2024 तक दो माह का विशेष अभियान बलाया जा रहा है। अभियान हेतु शासन द्वारा समय सारणी निर्धारित की गयी है. जिसके तहत प्रत्येक दिवस कार्यवाही की जा रही है। उन्होने बताया कि राजस्व/तहसील अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर राजस्व ग्रामों में प्रचार प्रसार तथा खतीनियों का पढ़ा जानातथा लेखपाल द्वारा वरासत हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उन्हें ऑनलाइन भरे जाने हेतु निर्धारित तिथि 16 से 31 अगस्त, 2024 तक, क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा ऑनलाइन जाँच की प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही 01 से 15 सितम्बर, 2024 तक, राजस्व निरीक्षकों द्वारा जाँच एवं आदेश पारित करने की प्रक्रिया की कार्यवाही एवं राजस्व निरीक्षक (कार्यालय) द्वारा राजस्व निरीक्षक के नामान्तरण आदेश को आर-6 में दर्ज करने के पश्चात खतौनी की प्रविष्टियों को भूलेख साफ्टवेयर में अद्यावधिक करने की तिथि 16 से 30 सितम्बर, 2024 तक निर्धारित की गई है। तिथि 06 से 13 अक्टूबर, 2024 तक एवं जनपद की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में परिषद की वेबसाइट पर फीड करना एवं राजस्व परिषद द्वारा पाक्षिक रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करायी जाने की तिथि 1. 15 व 30 सितम्बर, 2024 निर्धारित की गई है। उन्होने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त अभियान हेतु अपने तहसील क्षेत्रान्तग्रत राजस्व ग्रामों के भ्रमण हेतु कार्यक्रम तैयार कराते हुए निर्धारित तिथियों में सम्बन्धित ग्रामों का भ्रमण करते हुए शासन द्वारा दिये गये तिथियों में अभियान संचालित कराये।

## कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी तमिलनाडु विधानसभा में हुये सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच-पवन कुमार

कालपी जालौन - उत्तर प्रदेश विधान मंडल दल की प्रांक्लन समिति के अध्यक्ष लोकेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में 11 सदस्यी विधायकों के प्रतिनिधि मंडल ने तमिलनाडु तथा केरल का दौरा किया है।



इस दौरान कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी समेत सभी सदस्यों को तमिलनाडु विधानसभा में सम्मान से नवाजा गया है। उत्तर प्रदेश के विधायकों का सरकारी दौरा शासन के द्वारा तमिलनाडु एवं केरल प्रदेश में लगाया गया है। विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने तमिलनाडु की प्राक्कलन समिति के कार्यों का अध्ययन किया। अध्ययन के मुताबिक तमिलनाडु सरकार के द्वारा गठित प्राक्कलन समिति में 3-3 मिनिस्टर शामिल रहते हैं?। प्राक्कलन के अलावा वित्त समिति, संसदीय समिति आदि समितियों का भी अध्ययन उत्तर प्रदेश के विधायकों के द्वारा किया गया है। विधायक विनोद चतुर्वेदी के मुताबिक उत्तर प्रदेश की प्राक्कलन समिति की अपेक्षा तमिलनाडु सरकार की प्राक्कलन समिति के काम काफी भिन्न है। सभी सदस्यों के द्वारा समितियों के कार्य का अध्ययन किया गया। तमिलनाडु के विधानसभा के सेक्रेटरी एवं विधायकों की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश प्राक्कलन समिति के चैयरमैन लोकेंद्र प्रताप सिंह, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी समेत सभी 11 विधायको को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। रविवार को उत्तर प्रदेश के 11 विधायकों का केरल में दौरा रहेगा। केरल सरकार के सरकारी अतिथि के तौर विधायक गण दौरा करेंगे। इसके अलावा सभी 11 विधायक केरल के राज्यपाल खान के साथ राज भवन में मुलाकात करेंगे।

## थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच-राजेंद्र विश्वकर्मा

जालौन। थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों की मॉनीटरिंग की जाती है। इसलिए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें। यह निर्देश डीएम ने कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में अधीनस्थों को दिए। कोतवाली परिसर में डीएम राजेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता एवं व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बारिश के मौसम के बीच थाना समाधान दिवस के दौरान तीन फरियादियों ने राजस्व संबंधी शिकायतें दर्ज कराईं। जिनमें इंद्रपाल सिंह हरकौती ने रामिलन के खिलाफ चकरोड तोड़कर अपने खेत में मिला लेने एवं वाहन निकालने में परेशानी होने की शिकायत दर्ज कराई। मिथलेश निवासी




खुर्द थाना कोंच ने विपक्षियों पर उनकी जमीन को कब्जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा राहुल कुमार निवासी उरगांव ने गांव में नाली न होने के चलते जलभराव की समस्या की शिकायत दर्ज कराई। लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। शिकायतों को संबंधित लेखपाल को सौंपकर तीन दिन में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान डीएम से निर्देश देकर कहा कि लेखपालों और कानूनगो के क्षेत्रों में भूमि विवाद से संबंधित, नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण आदि से संबंधित जो भी शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए। जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। यदि किसी लेखपाल अथवा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम अतुल कुमार, कोतवाल वीरेंद्र पटेल, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी, हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मन्दिर बजरिया मे जन्माष्ठमी को लेकर भजन और नृत्य कार्यक्रम हुये

क्यूँ न लिखूँ सच-नीरज कुमार

कोंच( जालौन ) स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर महंत नगर बजरिया में आज जन्माष्टमी पर्व के पूर्व बच्चों के द्वारा बहुत ही शानदार भजन एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर अतिथियों की श्रृंखला में सरस्वती शिशु मंदिर एवं बालिका इंटर कॉलेज की प्रबंध कार्य कारिणी की उपाध्यक्षा डॉक्टर नीता रेजा एवं बालिका इंटर कॉलेज की उप प्रवन्धक श्रीमती कृष्णा झा एवं कुंवर नरसिंह गहरवार एडवोकेट सर्वाचरण बाजपेई एवं के के मिश्रा सहित प्रबंधन कार्य कारिणी सदस्य इंजीनियर राजीव कुमार रेजा उपस्थित रहे इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं के द्वारा मन मोहक झांकियां प्रस्तुत की गई इस




अवसर पर बोलती हुई डॉक्टर नीता रेजा ने कहा कि निश्चित तौर पर यदि संस्कार युक्त शिक्षा आपको दिलानी है वहीं उन्होंने विद्यालय में बढ़ते हुए छात्रों की संख्या पर भी प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ की हृदय से तारीफ की आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन हरिओम आचार्य जी ने किया वहीं आए हुए सभी अतिथियों का आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य विविध श्रीवास्तव ने व्यक्त किया आए हुए सभी अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से प्रमाण पत्र दिए गए वही संगीत पर मणि सोनी एवं लला बाजपेई संगत दें रहें थे

## कोतवाली मे जन्म अष्ठमी और चेहल्लुम को लेकर पीस कमेटी की बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच-नीरज कुमार

कोंच( जालौन ) आज शनिवार को कोतवाली परिसर मे जन्माष्टमी पर्व और चेहल्लुम त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कोंच ज्योति सिंह ने की इस अवसर पर कोंच एसडीएम ज्योति सिंह ने कहा की त्यौहारो को लोग शांति सद्भाव के साथ मनाये और अगर कहीं कोई दिक्कत आती है तो सबके पास सी यू जी नम्बर है फोन कर के बता सकते है इस अवसर तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय नगर



पालिका के राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार यादव बिजली विभाग के अवर अभियन्ता अंकित साहनी बशीर उद्दीन काजी कडोरे लाल यादव बाबू जी अनबार खलीफा हाजी आरिफ अली शाह संजीव तिवारी एडवोकेट सभासद रविकांत कुशवाहा बसीर मंसूरी बटी हाजी नूरहसन महंत अशोक दास जी महाराज अरविंद यादव पप्पू एसएसआई अभिलाश मिश्रा दरोगा मनीष तिवारी सिपाही आनंद तिवारी सहित कई भले लोग और ताजिया दार मौजूद रहे

## कायमगंज नगर पालिका भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी राम सिंह को हाई कोर्ट से मिली जमानत

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविंद शुक्ला

